# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

**भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** के अनुसार, 19 अप्रैल, 2024 को समाप्त सप्ताह में भारत का **विदेशी मुद्रा भंडार (Forex reserves)** 2.282 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर कुल 640.334 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया।

- **रिज़र्व के घटक:**
  - **विदेशी मुद्रा संपत्ति** 3.793 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर कुल 560.86 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गयी।
  - **स्वर्ण भंडार** 1.01 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 56.808 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।
  - **विशेष आहरण अधिकार (SDRs)** 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 18.034 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया।
  - **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** के पास आरक्षित संपत्ति 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 4.631 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गयी।
- **कमी को प्रभावित करने वाले कारक:**
  - **इस कमी के लिये मुख्य रूप से केंद्रीय बैंक के रणनीतिक हस्तक्षेप को उत्तरदायी ठहराया गया, जिसने आर्थिक अनिश्चितताओं एवं मुद्रा मूल्यह्रास के मध्य रुपए को संरक्षित रखने के लिये विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग किया।**
  - **RBI** रुपए के तीव्र अवमूल्यन **और विनिमय दर में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिये डॉलर बेचने सहित** तरलता का प्रबंधन **करने हेतु बाज़ार में हस्तक्षेप करता है।**
- **यह ध्यान दिये जाने योग्य है कि अप्रैल 2024 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 645.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गया था।**

**और पढ़ें: विदेशी मुद्रा भंडार में**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-forex-reserves-drop